समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# आनलाईन आर्डर हेतु '' **korbanigamforyou**'' एप की लाचिंग की महापौर ने

(लाकडाउन के दौरान घर पहुंच सेवा की दिशा में निगम का सराहनीय कदम)



कोरबा 17 अप्रैल 2020 –लाकडाउन के दौरान घर पहुंच सेवा हेतु आनलाईन आर्डर देने के लिए निगम द्वारा '' korbanigamforyou '' एप की लाचिंग की गई हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में साकेत भवन में एप की लाचिंग की। गूगल प्ले से इस एप को मोबाईल फोन में डाउनलोड कर इस एप के माध्यम से लोगों द्वारा आनलाईन आर्डर दिए जा सकेंगे, आर्डर प्राप्त होने पर उनके घर पहुंचकर उन्हें राशन सामग्री एवं दवाईयां पहुंचायी जाएगी।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं उसके नियंत्रण के लिए लागू किए गए लाकडाउन के दौरान अतिआवश्यक सामग्रियों से संबंधित दुकानों में लोगों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हों, उनके द्वारा चाही गई सामग्री उनके घर पहुंचकर पहुंचा दी जाए ताकि सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे। इस दिशा में निगम द्वारा पूर्व में व्हाट्सअप एवं मोबाईल फोन के माध्यम से आर्डर लिए जा रहे थे तथा घर पहुंच सेवा दी जा रही थी, इस व्यवस्था में और अधिक सुधार करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव की विशेष पहल पर '' korbanigamforyou '' एप की लाचिंग की गई है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने एप को लॉच किया। गूगल प्ले पर जाकर इच्छुक व्यक्ति '' korbanigamforyou'' टाईप कर इस एप को अपने मोबाईल फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं, इस एप के माध्यम से राशन सामग्री व दवाओं के आनलाईन आर्डर दिए जा सकेंगे। यह एप श्री आनंद गोयल द्वारा बनाया गया है तथा इसमें निगम के पीयूष राजपूत एवं दीपेश मिश्रा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री देव ने इस एप को बनाने के लिए श्री आनंद गोयल के परिश्रम की सराहना की। आयुक्त श्री राहुल देव ने बताया कि जिन लोगों

के पास एड्रायड मोबाईल फोन नहीं है, ऐसे लोगों के लिए आई.व्ही.आर.एस. सिस्टम भी निगम द्वारा बनाया जाएगा, जिसके तहत वे घर पहुंच सेवा के लिए अपने आर्डर दे सकेंगे।

**डिलेवरी का समय शाम 05 से 08** – इस एप के माध्यम से राशन सामग्री व दवाओं के आनलाईन आर्डर कभी भी किए जा सकेंगे, जिन लोगों के आर्डर दोपहर 01 बजे प्राप्त हो जाएगें, उन्हे सामग्रियों की डिलेवरी शाम 05 बजे से 08 बजे तक कर दी जाएगी तथा जिन लोगों के आर्डर दोपहर 01 बजे के बाद प्राप्त होंगे, उन्हें सामग्रियों की डिलेवरी दूसरे दिन 01 से 03 बजे तक होगी। पेमेंट के कैश आन डिलेवरी एवं आनलाईन पेमेंट दोनों का विकल्प रखा गया है।

**राशन सामग्री व भोजन वितरण कार्य की समीक्षा**– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में निगम के जोन कमिश्नरों एवं जिला खाद्य अधिकारी की बैठक ली तथा विगत 20– 22 दिनों से निगम द्वारा किए जा रहे जरूरतमंदों को राशन सामग्री एवं भोजन वितरण कार्य की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में स्थित कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति राशन सामग्री से वंचित न रहे, कोई भूखा न सोये, चूंकि लाकडाउन की अवधि पुनः बढ़ा दी गई है, अतः राशन सामग्री व भोजन उपलब्धता के संबंध में सभी आवश्यक विकल्पों पर कार्य किया जाए। उन्होने दानदाताओं एवं सक्षम व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि वे आगे आये तथा आपदा की इस घड़ी में अपना हरसंभव सहयोग दें।

**जरूरतमंदों की सहायता हेतु पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ डटा निगम का अमला**– इस मौके पर आयुक्त श्री राहुल देव ने बताया कि निगम क्षेत्र के ऐसे सभी जरूरतमंद व्यक्ति जिनके पास राशन कार्ड नहीं, राशन नहीं तथा राशन के लिए पैसे नहीं है, साथ ही विधवा, परित्यागता, बेसहारा तथा अन्य वास्तविक जरूरतमंदों को निगम द्वारा लगातार राशन सामग्री व भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने घर–घर जाकर सर्वे किया तथा वास्तविक जरूरतमंदों को ढूढ़ा एवं उन्हें राशन सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होने कहा कि आगे भी यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे, इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, निगम का अमला पूरी इच्छाशक्ति एवं निष्ठा के साथ इस दिशा में डटा हुआ है। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एम.आई.सी .सदस्य संतोष राठौर एवं अमरजीत सिंह सहित निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा व सभी जोन कमिश्नर उपस्थित थे।